प्रेस नोट

दिनांक 13.04.2025

थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 मादक पदार्थ तस्कर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से नाजायज गांजा बरामद-

कार्यवाहीः-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में को0 नगर पुलिस द्वारा अभियुक्त नीतीश त्रिपाठी पुत्र रमेश चंद्र त्रिपाठी नि0 तिवारीपुर थाना कैंपियरगंज जनपद गोरखपुर को रोडवेज बस अड्डे के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 629 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

आज दिनांक 13.04.2025 को उ0नि0 शुभम दुबे मय हमराह फोर्स के साथ शांति व्यवस्था हेतु गुरुनानक चौक पर भ्रमणशील थे कि सूचना पर रोडवेज बस अड्डे के पास से अभियुक्त नीतीश त्रिपाठी पुत्र रमेश चंद्र त्रिपाठी नि0 तिवारीपुर थाना कैंपियरगंज जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 629 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर में गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

01. नीतीश त्रिपाठी पुत्र रमेश चंद्र त्रिपाठी नि0 तिवारीपुर थाना कैंपियरगंज जनपद गोरखपुर।

पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0सं0-276/2025, धारा 8/20 एनडीपीएस ऐक्ट थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

बरामदगी-

01. 629 ग्राम नाजायज गांजा।

गिरफ्तार कर्ता टीम-

01. उ0नि0 शुभम दुबे
02. कां0 मदन त्रिवेदी
03. कां0 विपिन गौतम

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट

दिनांक 13.04.2025

परिवार परामर्श केन्द्र में 01 जोड़ा एक साथ रहने को हुआ राजीः-

गोण्डा। रविवार जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में परामर्शदाताओं द्वारा बिछुड़े जोड़ों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 01 जोड़े को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया।

परिवार परामर्श केन्द्र में उपस्थिति सदस्यगण-

क्षेत्राधिकारी लाइन उदित नारायण पालीवाल, महिला थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह, श्री गंगाधर शुक्ल, श्री राजमंगल मोर्या, यशोदा नन्दन त्रिपाठी, श्रीमती यशोदा नन्दन त्रिपाठी, म0आ0 ज्योति राजभर,म0आ0 नेहा सिंह आदि उपस्थित रही।

मीडिया सेल, गोण्डा।